ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 28-05-2021

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-05-28 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-05-29	2021-05-30	2021-05-31	2021-06-01	2021-06-02
वर्षा (मिमी)	0.0	5.0	8.0	15.0	15.0
अधिकतम तापमान(से.)	26.0	25.0	24.0	23.0	23.0
न्यूनतम तापमान(से.)	14.0	14.0	15.0	15.0	14.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	80	80	75	80	80
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	35	40	45	50	50
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	8.0	8.0
पवन दिशा (डिग्री)	120	120	130	130	50
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	2	3	5	4

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में हल्की वर्षा होने की सम्भावना है। हवा के 6.0-8.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 23.0 से 26.0 व 14.0 से 15.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| चेतावनीःआगामी पांच दिनों में, गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने व 31 मई को तीव्र बौछार होने की भी सम्भावना है। ईआरएफएस के अनुसार, 2 से 8 जून के दौरान राज्य में वर्षा व अधिकतम सामान्य से कम, एवम् न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

कोरोना (कोविड-19) की दूसरी लहर व इसके गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर

विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि नैनीताल जिले के लिए एनडीवीआई 0.15-0.35 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से नैनीताल जिले में अत्यधिक नमी की स्थिति दर्शाता है।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में हल्की वर्षा होने की सम्भावना है।आगामी पांच दिनों में, गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने व 31 मई को तीव्र बौछार होने की भी सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	जिले के मैदानी क्षेत्रों में धान की नर्सरी मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर डाले। नर्सरी हेतु प्रमाणित बीज अथवा स्वस्थ स्वंय उत्पादित बीज उपचार के बाद प्रयोग करना चाहिए।
सोयाबीन	सोयाबीन की बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
आलू	वर्षा की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए, खुदाई किये हुए आलूओं को सुरक्षित स्थान पर भंडारित करें व बाजार में बिक्री करें।
सेम की फली	फ्रासबीन की हरी फलियों की तुड़ाई करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भैंस	पशुओ को आहार मौसम के अनुसार ही दे, इस समय पशुओ के आहार मे गेंहू का चोकर व ज्वार की मात्रा मे वृद्धि कर दे। इस गर्मी के दिनों मे पशुओं के लिए पानी की उचित व्यवस्था करें।